प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय आज से नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। तीन दिन का यह आयोजन युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में काम करेगा। इससे शासन और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। जिला और राज्य चरण के बाद, हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से शीर्ष 3 उम्मीदवारों यानी कुल 108 युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए चुना गया है। प्रतिभागी "एक राष्ट्र, एक चुनाव" और "विकसित भारत" पर प्रश्नकाल सहित उच्च–स्तरीय चर्चाओं और गतिविधियों में शामिल होंगे। ये प्रतिभागी शासन के प्रत्यक्ष अनुभव के लिए लोकसभा और राज्यसभा के सत्रों में भी भाग लेंगे। गुरुवार को इस कार्यक्रम का समापन होगा, जिसमें विकसित भारत युवा संसद पुरस्कार और राष्ट्रीय युवा पुरस्कार दिए जाएंगे।

0000

तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कमी की है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में यह बदलाव आज से लागू हो गया है।

0000

प्रदेश में आज से समर्थन मूल्य पर सरसों और चने की खरीद के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। किसान ई–मित्र के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इन दोनो फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीद 10 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस बार बायोमेट्रिक से खरीद होगी। सरसों का समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपए प्रति क्विंटल और चने का 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भीलवाड़ा में सहकारिता विभाग के रजिस्टार अरविंद ओझा ने किसानों से कहा है कि वे समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचने के दौरान जनआधार से लिंक बैंक खाते का नम्बर ही दें, ताकि समय पर उनका भुगतान किया जा सके।

वहीं आज से राज्य में अफीम गोंद तथा बिना चीरा लगे अफीम डोडे की खरीद का काम भी शुरू हो रहा है। इस वर्ष अफीम फसल खरीद के लिए बारॉ, भीलवाडा, झालावाड, कोटा में एक–एक, प्रतापगढ में दो तथा चित्तौडगढ में तीन अफीम तौल तथा खरीद केन्द्र बनाए गए है।

0000

ब्यावर के बाड़िया क्षेत्र में तेजाब फैक्टरी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई और अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों को ब्यावर और अजमेर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैस के असर से कई पालतू जानवरों की भी मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पंहुचकर और गैस लीकेज पर काबू पाया। एहतियातन फैक्टरी के आसपास के क्षेत्र को खाली करवा दिया गया।

0000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई का आज 62वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर नई दिल्ली में 21वें डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन होगा। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव 'विकसित भारत 2047 – सीबीआई के लिए एक रोडमैप' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर श्री वैष्णव सीबीआई अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे।

0000

देश आज प्रोजेक्ट टाइगर के 52 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। 1973 में, आज ही के दिन भारत सरकार ने देश की घटती बाघ आबादी की रक्षा के लिए प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी। इस परियोजना ने बाघों की आबादी बढ़ाने और उनके प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पाँच दशकों में, यह पहल दुनिया के सबसे सफल वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रमों में से एक बन गई है। साल 2006 में भारत में जंगली बाघ आबादी केवल 1 हजार 411

थी, जो साल 2022 में बढ़कर तीन हजार 682 हो गई। दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जंगली बाघ भारत में हैं। देश में अब 57 बाघ अभ्यारण्य हैं, जो लगभग 83 हजार वर्ग किलोमीटर वन भूमि में फैला है।

0000